दैनिक भास्कर 30/09/2024

जीएमएन कॉलेज में स्वच्छता अभियान बारे किया जागरूक

अम्बाला | गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में एनसीसी गर्ल्स विंग ने खुले में शौच से मुक्ति का महत्व विषय पर व्याख्यान कराया। मुख्य वक्ता के रूप में एनएसएस अधिकारी डॉ. सरोज बाला ने कैडेट्स को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच करने की प्रवृति भारत के विकास की अनेक चुनौतियों में एक प्रमुख कारण है। देश का सबसे बड़ा अभियान स्वच्छ भारत मिशन का लक्ष्य है। हालांकि भारत ने खुले में शौच को कम करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, लेकिन यह अभी भी सबसे गरीब नागरिकों और मध्य और पूर्वी भारतीय राज्यों में प्रचलित है। उन्होंने बताया कि इससे मुक्ति भारत की बहुत सी परेशानियों को समाप्त कर देंगी। वहीं सीटीओ डॉ. तृप्ति शर्मा ने कहा कि खुले में शौच एक वैश्विक स्वास्थ्य समस्या है, जो बीमारी, गरीबी और अन्य समस्याओं का कारण बन सकती है।